# गौ विज्ञान परीक्षा 2026–27

## आवश्यक निर्देश

1. परीक्षा तीन श्रेणी में होगी — श्रेणी **A** – (माध्यमिक स्तर) कक्षा 6 से 8 तक

   श्रेणी **B** – (उच्चतर माध्यमिक स्तर) कक्षा 9 से 12 तक

   श्रेणी **C** – ओपन श्रेणी (कोई भी सम्मिलित हो सकता है)

2. सभी श्रेणी के परीक्षार्थियों को पृथक–पृथक निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रांत स्तर पर | – | प्रथम – | 31,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | | द्वितीय – | 21,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | | तृतीय – | 11,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| जिला स्तर पर | – | प्रथम – | 3100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | | द्वितीय – | 2100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | | तृतीय – | 1100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |

   विद्यालय स्तर पर अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पंचगव्य उत्पाद किट प्रदान किया जाएगा।

3. एक ही पुरस्कार के लिये 2 या अधिक विजेता के चयनित होने पर टॉस के द्वारा विजेता का चयन किया जायेगा जो सभी को मान्य होगा।
4. सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
5. परीक्षा में पंजीयन हेतु सभी परीक्षार्थियों को निम्नानुसार गौ सेवा सहयोग राशी अपेक्षित है–

| | | |
|---|---|---|
| **Group A** | – कक्षा 6 से 8 | 25/– |
| **Group B** | – कक्षा 9 से 12 | 30/– |
| **Group C** | – ओपन श्रेणी | 40/– |

6. परीक्षा के अध्ययन के लिये संदर्भ ग्रन्थ ''गाय धर्म और विज्ञान'' का पीडीएफ वेबसाइट में उपलब्ध है जिसे आप डाउनलोड कर सकते है। इसी के आधार पर परीक्षा में प्रश्न पूछे जाएंगे। बहुत से विद्यार्थियों के पास पूर्व से ही यह ग्रन्थ उपलब्ध है, जो विद्यार्थी गौ

विज्ञान ग्रन्थ खरीदना चाहते हैं वे निर्धारित शुल्क जमा कर गौ विज्ञान ग्रन्थ प्राप्त कर सकते हैं।

शुल्क विवरण –

गौ विज्ञान ग्रन्थ सहयोग राशी – विद्यालय श्रेणी ओपन श्रेणी

ग्रुप **A – 30/-** ग्रुप **C – 80/-**

ग्रुप **B – 50/-**

7. विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु हम 15 विडियो की एक सीरीज भी बना रहे है, जिसे हमारे Youtube Channel https://www.youtube.com/@gausevacg में 18 सितंबर को अपलोड किया जाएगा। इसका लिंक Website/Whatsapp के माध्यम से सभी को शेयर किया जाएगा।
8. सभी विद्यार्थियों के लिये शाक वाटिका का निर्माण करना अनिवार्य है। इसका विधिवत प्रशिक्षण आनलाइन/ऑफलाइन मोड में सभी को प्रदान किया जाएगा।
9. संस्था की वेबसाइट **www.gausevacg.org** है। पंजीयन सहित समस्त प्रक्रिया इसी वेबसाइट के माध्यम से होगी। रिजल्ट, सूचना आदि समस्त विवरण आपको इसी माध्यम से प्राप्त होंगे।
10. किन्ही विशेष परिस्थितियों में तिथियों में परिवर्तन हो सकता है जिसकी विधिवत सूचना समय पूर्व सभी को प्रदान की जाएगी।
11. किसी भी प्रकार के वाद–विवाद होने की स्थिति में परीक्षा आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
12. परीक्षार्थी के स्वयं का परिवार गोव्रति परिवार बने तथा प्रत्येक परीक्षार्थी के माध्यम से कम से कम 5 परिवार गोव्रति बने यही इस परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य है। आपके सहयोग से ही गौवंश की घर वापसी संभव है।

———00———

## सम्पूर्ण परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा

1. आनलाइन पंजीयन – विद्यालय श्रेणी – 10 अगस्त से 16 अक्टूबर तक
   ओपन श्रेणी – 10 अगस्त से 15 दिसंबर तक
2. पंजीयन सेवा शुल्क – विद्यालय श्रेणी / ओपन श्रेणी
   ग्रुप **A – 25/-** ग्रुप **C – 40/-**
   ग्रुप **B – 30/-**
3. गौ विज्ञान ग्रन्थ सहयोग राशी – विद्यालय श्रेणी / ओपन श्रेणी
   ग्रुप **A – 30/-** ग्रुप **C – 80/-**
   ग्रुप **B – 50/-**
   गौ विज्ञान ग्रन्थ लेना वैकल्पिक है। जिन्हे आवश्यकता हो वे ले सकते हैं अन्यथा सभी अध्ययन हेतु ग्रन्थ का पीडीएफ वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।
4. प्रथम चरण की परीक्षा (सिर्फ विद्यालय श्रेणी हेतु) – 17 नवंबर 2026 (मंगलवार) गोपाष्टमी स्वयं के विद्यालय में ही संपन्न होगी।
5. परीक्षा परिणाम की घोषणा – 1 दिसंबर 2026
6. द्वितीय चरण की परीक्षा एवं गौ सेवा संगम – 17 जनवरी 2027 (रविवार) (सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में) (विद्यालय श्रेणी हेतु यह द्वितीय चरण एवं ओपन श्रेणी हेतु यह प्रथम चरण की परीक्षा होगी)
7. परीक्षा परिणाम की घोषणा – 1 फरवरी 2027 को परीक्षा परिणाम की घोषणा की जाएगी। वेबसाइट में परिणाम देखा जा सकेगा।
8. अंतिम चरण की परीक्षा, पुरस्कार वितरण एवं गौ सेवा संगम – तिथि, स्थान एवं सम्पूर्ण परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा 17 जनवरी को आयोजित गौ सेवा संगम में किया जाएगा।
9. संस्था की वेबसाइट – **www.gausevacg.org**
10. संस्था की Email ID – **gausevacg@gmail.com**

# गौ विज्ञान परीक्षा 2026–27

## //ओपन श्रेणी के परीक्षार्थियों के लिये नियमावली//

1. ओपन श्रेणी को Group - C भी कह सकते है।
2. इस श्रेणी में कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकता है। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, शिक्षक, पालक, गौसेवक आदि।
3. इस श्रेणी के अभ्यर्थी हेतु कोई आयुबंधन अथवा योग्यता निर्धारित नही है।
4. ओपन श्रेणी की परीक्षा दो चरणों में संपन्न होगी। प्रारंभिक चरण की परीक्षा 17 जनवरी 2027 रविवार को प्रदेश के सभी 146 विकासखण्ड मुख्यालय में संपन्न होगी। इस परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित प्रथम पॉच अभ्यर्थी अंतिम चरण की परीक्षा में सहभागी होंगे। परंतु जिला स्तरीय पुरस्कार सिर्फ प्रथम तीन को ही प्रदान किया जाएगा। चतुर्थ व पंचम को सिर्फ प्रांत स्तरीय परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा, किसी प्रकार का पुरस्कार नही दिया जाएगा।
5. प्रारंभिक चरण की परीक्षा के दिन ही गौ सेवा संगम, अभिनंदन कार्यक्रम आदि भी होगा। अभ्यर्थी को सुबह 9 बजे अनिवार्यतः अपने ब्लॉक के परीक्षा केन्द्र (कार्यक्रम स्थल) में पहुॅचना रहेगा। शाम 4:30 तक कार्यक्रम समाप्त होगा। पूरे समय रहना आवश्यक है। कार्यक्रम स्थल पर ही सभी के लिये भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।
6. प्रतिभागी/अभ्यर्थी को उनका प्रमाण पत्र 17 जनवरी को परीक्षा केन्द्र में ही प्रदान किया जाएगा।
7. कार्यक्रम स्थल (परीक्षा स्थल) की जानकारी अभ्यर्थी को उनके व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से 31 दिसंबर तक प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रदेश के सभी परीक्षा केन्द्रो की सूची को हमारे वेबसाइट में भी 31 दिसंबर से अवलोकन कर सकते है।
8. अंतिम चरण की परीक्षा प्रदेश स्तरीय होगी जिसकी तिथि एवं स्थान की घोषणा 17 जनवरी को ही किया जाएगा। इस परीक्षा में प्रारंभिक चरण की परीक्षा में चयनित परीक्षार्थी ही बैठ सकेंगे। इसी दिन जिला एवं प्रदेश स्तरीय परीक्षा का पुरस्कार भी किया जाएगा।
9. अभ्यर्थी को अपने–अपने घरों में शाकवाटिका का निर्माण करना अनिवार्य है। शाकवाटिका 30 दिसंबर तक पूर्ण करें। उसका विडियों एवं फोटो के आधार पर मूल्याकनकर्ता

मूल्यांकन करेंगे। परीक्षा में 20**%** अंक शाकवाटिका के जुड़ेंगे। ओपन श्रेणी का पेपर कुल 100 अंको का होगा जिसमें 20 अंक शाकवाटिका के होंगे। ओपन श्रेणी स्तर पर 0–20 अंक देय होगा, जिसका मूल्यांकन परीक्षक करेंगे। यदि कोई परीक्षार्थी शाक वाटिका नही बनाता है तो उसे शून्य अंक दिया जाएगा।

10. शाक वाटिका के विडियो एवं फोटो जिसमें अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित रहेंगे तथा कमेंट्री भी करेंगे, उसे परीक्षा वाले दिन 17 जनवरी को परीक्षा केन्द्र में उपलब्ध **QR Code** को स्कैन करके अपलोड करना होगा। इसका मूल्यांकन संस्था के मूल्यांकनकर्ता करेंगे।

11. शाक वाटिका में निम्नानुसार पौधे होना अनिवार्य है–

    1. कम से कम पॉच प्रकार के औषधिय पौधे
    2. कम से कम पॉच प्रकार के फलो के पौधे
    3. कम से कम पॉच प्रकार के फूलों के पौधे
    4. कम से कम पॉच प्रकार के लता (नार) वाली सब्जी के पौधे
    5. कम से कम तीन प्रकार के पत्तेदार सब्जी (भाजी) के पौधे
    6. कम से कम तीन प्रकार के कंद वाली सब्जी के पौधे
    7. कम से कम तीन प्रकार के तने वाली सब्जी के पौधे

12. शाकवाटिका का निर्माण घर की छत अथवा बाड़ी में ही करेंगे।

13. शाकवाटिका का प्रशिक्षण **Online** माध्यम से प्रदान किया जाएगा जिसमें आप सहभागी हो सकते है। इसकी **Link** आदि की जानकारी संस्था की वेबसाइट के माध्यम से नियमित प्रदान की जाती रहेगी।

14. किसी प्रकार की जानकारी अभ्यर्थी अपने जिला गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख से प्राप्त कर सकते है। उनके नाम और मोबाइल नंबर संस्था की वेबसाइट **www.gausevacg.org** पर उपलब्ध है।